# भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013



- अनुसंधानिक गतिविधियाँ
- मानव संसाधन विकास
- गतिविधियों के परिदृश्य
- पुरस्कार एवं सम्मान
- प्रकाशन
- प्रस्तुत व्याख्यान
- सहभागिता
- परामर्शी सेवाएँ
- कार्मिक

## निदेशक की कलम से . . .

समाचार पत्र के इस अंक में प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान प्रमुख अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संबंधी उपलब्धियों तथा संस्थान की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है। दक्ष अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना की अनुपलब्धता की समस्या का समाधान करने के लिए तथा दिए गए ट्रीटमेंटों, ब्लॉकों और ब्लॉक आकारों के लिए, दक्ष अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना उपलब्ध न होने की स्थिति में, दक्ष अपूर्ण इष्टतमकारी ब्लॉक अभिकल्पना की संरचना के लिए इष्टतमकारी तकनीकें विकसित की गयी। विनिर्दिष्ट प्राचलों तथा संगमन आव्यूह (कनकरेंस मैट्रिक्स) के साथ उपयुक्त द्विआधारी अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना के लिए एक बहु-चरणी रैखीय पूर्णांक प्रोग्रामिंग पद्धति भी विकसित की गई। एलगोरिथ्म के माध्यम से परिवेशी संतुलित संगमन आव्यूह भी जनित किया गया। इस प्रकार के संगमन आव्यूह को दक्ष अभिकल्पनाओं की अग्रणीयता के लिए भी जाना जाता है। विभिन्न प्राचलों के विश्वसनीय आकलनों के लिए माइक्रो स्तर पर प्रशासकों तथा नीति-निर्माताओं द्वारा इसकी माँग की जाती है। विकेन्द्रीकरण के वर्तमान समय में योजना बनाने का कार्य मैक्रो स्तर से माइक्रो स्तर पर स्थानांतरित हो गया है। आधुनिक समय की मांग को ध्यान में रखते हुए, अनुसंधानिक प्रयासों की प्रक्रिया भी लघु क्षेत्र व्यतिकरण पर परिशुद्ध आकलकों के विकास की ओर (जिसके लिए सर्वेक्षण भारों का प्रयोग किया जाता है) स्थानांतरित हो गई है। प्रतिदर्श भारों का प्रयोग करते हुए स्यूडो आनुभाविक श्रेष्ठतम रैखीय अनभिनत प्रागुक्ति (स्यूडो-ईबीएलयूपी) पद्धति इस समस्या को हल करती है, जो स्थिर लघु क्षेत्र आकलन की अभिकल्पना बनाने में भी सहायता देती है। स्थिर लघु क्षेत्र आकलक के लिए अभिकल्पना तैयार करने हेतु स्यूडो आनुभाविक श्रेष्ठतम रैखीय अनभिनत प्रागुक्ति (स्यूडो-ईबीएलयूपी) पद्धति का प्रयोग किया जाता है।

जीन प्रकटन की पहचान करने के लिए कोडेन यूसेज सूचकांकों के संगणन तथा बहुचर विश्लेषण हेतु एक वेब आधारित सॉफ्टवेयर विकसित किया गया। इसमें प्रयोक्ता प्रोफाइल प्रबंधन के लिए, पढ़ने अथवा न्यूक्लिओटाइड अनुक्रमणों के लिए, कोडेन यूसेज सूचकांकों के संगणन के लिए तथा ग्राफिक्ल आउटपुट के साथ बहुचर विश्लेषण के लिए मॉड्यूल सम्मिलित हैं। इसके लिए जेआरआई इंटरफेस के माध्यम से जावा तथा आर सांख्यिकीय पैकेज के बीच एक सम्पर्क जोड़ा गया है। इंटरनेट के माध्यम से आर्बिटेरी प्लेटफॉर्मों (स्वेच्छ स्थानों से) से किसी भी समय इस सिस्टम पर सम्पर्क किया जा सकता है, अर्थात् इसे उपयोग में लाया जा सकता है।

एएआरडीओ द्वारा प्रायोजित कृषि सर्वेक्षणों में सुदूर संवेदन एवं जीआईएस के अनुप्रयोगों पर एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम; एनएआईपी (नेप) के अन्तर्गत तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम : जिनोमिक आँकड़ा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय पद्धतियों पर एक कार्यक्रम तथा एसएएस का प्रयोग करते हुए आँकड़ों के विश्लेषण पर दो कार्यक्रम; चार अन्य राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें कृषि परीक्षणों की अभिकल्पना एवं विश्लेषण में नवीनतम उन्नतियाँ; भाकृअनुप के शिक्षा संभाग द्वारा प्रायोजित सीएएलटी के अन्तर्गत एग्रिदक्ष के माध्यम से विशेषज्ञ तंत्र का विकास, तात्विक व प्राथमिक आँकड़ा विश्लेषण, भाकृअनुप के तकनीकी कार्मिकों के वेबसाइट का विकास एवं होस्टिंग तथा एफएओ द्वारा प्रायोजित एक अध्ययन दौरा शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में लगभग 154 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इसके अतिरिक्त, मेल मर्ज पर एक हिन्दी कार्यशाला तथा एनएआईपी (नेप) के अन्तर्गत एक सुग्राहीकरण कार्यशाला भी आयोजित की गई।

संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किये गये तथा संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा 30 शोध पत्रों, 03 लोकप्रिय लेखों, 01 पुस्तक अध्याय, 01 परियोजना रिपोर्ट तथा 01 संदर्भ मैनुअल प्रकाशित किए गए। इसके अतिरिक्त, संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा अनेक सम्मेलनों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं इत्यादि में 28 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

आशा है कि इस अंक की विषय-वस्तु राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (नार्स) के वैज्ञानिकों के लिए सूचनाप्रद एवं उपयोगी होगी। समाचार-पत्र की विषय-वस्तु में सुधार लाने हेतु आपके सुझावों का स्वागत है।

(यू.सी. सूद)

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013

## अनुसंधानिक उपलब्धियाँ

- **अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं की संरचना के लिए इष्टतमकारी तकनीकों का अनुप्रयोग**

ब्लॉकों के अन्तर्गत परीक्षणात्मक इकाइयों के बीच एकरूपता बनाए रखने के लिए अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाएँ काफी उपयोगी हैं। परीक्षण में ब्लॉक ट्रीटमेंटों की कुल संख्या की अपेक्षा परीक्षणात्मक इकाइयों की कम संख्या होने पर अन्तर-ब्लॉक प्रसरण को कम करने में सहायता देते हैं जो तत्पश्चात परिशुद्ध ट्रीटमैंट तुलनाओं के लिए भी उपयोगी हैं। अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं को अनेक कृषि परीक्षणों में प्रयोग किया गया। तथापि, प्राय: परीक्षणकर्ताओं को दिए गए ट्रीटमेंटों, *अए* कुल ब्लॉकों, *इ* तथा समान ब्लॉक आकार, *I* के लिए एक उपयुक्त अभिकल्पना के चयन की समस्या का सामना करना पड़ता है। दिए गए ट्रीटमेंटों, ब्लॉकों तथा ब्लॉक आकारों के लिए एक दक्ष अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना हमेशा उपलब्ध नहीं हो सकती। इस प्रयोजन के लिए, उच्च दक्ष अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाएँ प्राप्त करने के लिए रैखीय पूर्णांक प्रोग्रामिंग का प्रयोग किया गया। विनिर्दिष्ट संगमन आव्यूह के साथ अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना की संरचना के लिए एक काँसट्रैंट सैटिसफेक्शन अप्रोच का प्रस्ताव दिया गया। विनिर्दिष्ट प्राचलों तथा संगमन आव्यूह के साथ एक उपयुक्त द्विआधारी अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पना की संरचना के लिए एक बहुचरणी रैखीय पूर्णांक प्रोग्रामिंग पद्धति भी विकसित की गई। एल्गोरिथ्म के माध्यम से परिवेशी संतुलित संगमन आव्यूह भी जनरेट किया गया। इस प्रकार के संगमन आव्यूह दक्ष अभिकल्पनाओं की संरचना में सहायता देते हैं। दोनों पद्धतियों का प्रयोग करते हुए द्विआधारी अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं की विभिन्न श्रेणियों की संरचना के लिए संतुलित अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं, नियमित ग्राफ अभिकल्पनाओं, अर्द्ध-नियमित ग्राफ अभिकल्पनाओं इत्यादि के उदाहरण प्रस्तुत किए गए। परीक्षण बनाम नियंत्रण तुलनाओं के लिए अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाएँ प्राप्त करने के एल्गोरिथ्म में संशोधन को भी दर्शाया गया है तथा इसे उदाहरणों से स्पष्ट किया गया है। सभी प्रस्तावित प्रक्रियाओं को आर तथा एसएएस का प्रयोग करते हुए क्रियान्वित किया गया है। *'ibd'* नामक एक ढ पैकेज विकसित किया गया है जो *cran.r-project.org/web/packages/ibd/index./html* पर उपलब्ध है। एसएएस मैक्रो तैयार किए गए हैं जो लेखकों के पास उपलब्ध हैं। एल्गोरिथ्म स्वरूप में काफी सामान्य है और यह अभिकल्पना के दिए गए प्राचलों के लिए एक दक्ष अभिकल्पना जनरेट कर सकती है, बशर्ते कि उक्त प्रकार की अभिकल्पना उपलब्ध हो। तथापि, परीक्षणकर्ताओं की सहजता के लिए $vb$<1000 के साथ एक सीमित प्राचलक रेंज $3 \leq v \leq 20$, $b \geq$, $2 \leq k \leq \min(10, v \& 1)$ में दक्ष अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं की एक सूची बनाई गई है। प्रस्तावित एल्गोरिथ्म का प्रयोग $2 \leq v \leq 12$, $v \leq b \leq 50$, $2 \leq k \leq v - 1$ के लिए संतुलित ट्रीटमेंट अपूर्ण ब्लॉक अभिकल्पनाओं की संरचना के लिए भी किया गया है। उपरोक्त रेंज में प्राप्त की गयीं अभिकल्पनाओं की एक सूची भी प्रस्तुति की गयीं। अभिकल्पनाओं के ले-आउट *http://iasri.res.in/design/ibd/ibd* तथा *http://iasri.res.in/design/btib/btib* पर डिजाइन रिसोर्स सर्वर पर उपलब्ध हैं।



Efficient Incomplete Block Designs

To search a design for given number of treatments, v, 3≤ v ≤35 available in the catalogue, enter the value of v in the textbox below and press the button "Submit". On submission, the browser would move to the designs for given value of v provided the catalogue contains designs for that value of v.

Home ICAR IASRI

Quick search: Enter v: Submit

Catalogue of Efficient Incomplete Block Designs

| Sr No | # of Treatments v | # of Blocks b | Block Size k | Algorithm 1 A-Effciency | Algorithm 1 D-Efficiency | Algorithm 1 Design Layout | Algorithm 2 A-Effciency | Algorithm 2 D-Efficiency | Algorithm 2 Design Layout |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 2 | | | | 0.750 | 0.866 | View design |
| 2 | 3 | 3 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | 1.000 | 1.000 | View design |
| 3 | 3 | 4 | 2 | 0.938 | 0.968 | View design | | | |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 0.960 | 0.980 | View design | | | |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 0.980 | 0.990 | View design | | | |
| 7 | 3 | 8 | 2 | 0.984 | 0.992 | View design | | | |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |
| 9 | 3 | 10 | 2 | 0.990 | 0.995 | View design | | | |
| 10 | 3 | 11 | 2 | 0.992 | 0.996 | View design | | | |
| 11 | 3 | 12 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |
| 12 | 3 | 13 | 2 | 0.994 | 0.997 | View design | | | |
| 13 | 3 | 14 | 2 | 0.995 | 0.997 | View design | | | |
| 14 | 3 | 15 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |
| 15 | 3 | 16 | 2 | 0.996 | 0.998 | View design | | | |
| 16 | 3 | 17 | 2 | 0.997 | 0.998 | View design | | | |
| 17 | 3 | 18 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |
| 18 | 3 | 19 | 2 | 0.997 | 0.999 | View design | | | |
| 19 | 3 | 20 | 2 | 0.998 | 0.999 | View design | | | |
| 20 | 3 | 21 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |
| 21 | 3 | 22 | 2 | 0.998 | 0.999 | View design | | | |
| 22 | 3 | 23 | 2 | 0.998 | 0.999 | View design | | | |
| 23 | 3 | 24 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |
| 24 | 3 | 25 | 2 | 0.998 | 0.999 | View design | | | |
| 25 | 3 | 26 | 2 | 0.999 | 0.999 | View design | | | |
| 26 | 3 | 27 | 2 | 1.000 | 1.000 | View design | | | |

- **सर्वेक्षण के भारों का प्रयोग करते हुए लघु क्षेत्र अनुमान :** विकेन्द्रीकरण के युग में योजना बनाने का कार्य मैक्रो स्तर से माइक्रो स्तर पर स्थानांतरित हो गया है। आधुनिक समय की माँग को ध्यान में रखते हुए, अनुसंधानिक प्रयासों की प्रक्रिया भी लघु क्षेत्र अनुमान पर परिशुद्ध आकलकों के विकास की ओर (जिसके लिए सर्वेक्षण के भारों का प्रयोग किया जाता है) स्थानांतरित हो गई है। लघु क्षेत्रों के लिए विश्वसनीय आकलनों को प्राप्त करने हेतु लघु क्षेत्र आकलन (एसएई) तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, सर्वेक्षण प्रतिचयन में एसएई अब काफी सामान्य है, जिसके संबंध में साहित्य में विभिन्न पद्धतियाँ प्रस्तावित हैं। तथापि, एसएई तकनीकों की खोज के लिए शोध जारी है, जो बहुत उपयोगी हैं तथा क्रियान्वयन के लिए, विशेष रूप से त्रुटि वर्ग माध्य (एमएसई) के आकलन की समस्या के समाधान में, सहज हैं।

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013

प्राय: एसएई में इकाई स्तर के रैखीय मिश्रित मॉडलों का प्रयोग किया जाता है तथा आनुभविक श्रेष्ठतम रैखीय अनभिनत प्रागुक्ति (ईबीएलयूपी) आधारित पद्धति को उक्त मॉडलों के अन्तर्गत लघु क्षेत्र आकलनों के लिए उपयोग किया जाता है, जिसकी दक्षता प्रमाणिक है। तथापि, एसएई की यह पद्धति इकाई स्तर (यूनिट लेवल) के सर्वेक्षण के भारों का लाभ नहीं लेती। परिणामस्वरूप, इस पद्धति के आधार पर लघु क्षेत्र आकलन को तब तक स्थाई रूप से अभिकल्पित नहीं किया जाता जब तक प्रतिचयन अभिकल्पना क्षेत्रों के भीतर स्वत: भारक (सेल्फ वेटिंग) न हो। प्रतिचयन भारों का प्रयोग करते हुए स्यूडो आनुभविक श्रेष्ठतम रैखीय अनभिनत प्रागुक्ति (स्यूडो-ईबीएलयूपी) पद्धति इस समस्या को हल कर देती है तथा स्थिर लघु क्षेत्र आकलक की अभिकल्पना करने में सहायता देती है।

स्यूडो-ईबीएलयूपी आकलन के एमएसई के आकलन के लिए, जो सैकेन्ड आर्डर मूमेन्टस के बारे में अनुमानों की विफलता के अन्तर्गत लगभग अनभिनत रहता है, एक अभिनत-रॉबस्ट पद्धति विकसित की गई। प्रस्तावित आकलक एमएसई आकलन के सप्रतिबन्धित अप्रोच पर आधारित है तथा स्यूडो-ईबीएलयूपी के लिए क्षेत्र-विशेष एमएसई आकलन उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, एमएसई आकलन की सप्रतिबन्धित पद्धति एमएसई के आकलन की ओर ले जाती है, जो क्रियान्वयन के लिए सरल है। विशिष्टतया, स्यूडो-ईबीएलयूपी के लिए सही एमएसई का आकलन के संदर्भ में इसका निष्पादन समग्र रूप से काफी अच्छा था।

- **पर्यायनामी कोडेन यूसेज का उपयोग करते हुए जीन अभिव्यक्ति विश्लेषण के लिए वेब आधारित सॉफ्टवेयर:** कोडेन उपयोग के पैटर्नों में जीवों के मध्य तथा समान जिनोम के जीनों के मध्य काफी अंतर है। पर्यायनामी कोडेन समान अमिनो एसिड को कोडित करते हैं और सामान्य रूप से तृतीय कोडेन स्थिति में इनमें एक न्यूकल्योटाइड का अंतर होता है तथा उन्हें जीवों के भीतर तथा उनके बीच भिन्न बारंबारताओं पर प्रयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया को कोडेन अभिनति कहा जाता हैं। कोडेन उपयोग में विभिन्न कारकों जैसे, जीन अभिव्यक्ति स्तर, : जी + सी मिश्रण, जीसी स्क्यू, ट्रांसक्रिप्शनल चयन का योगदान होता है। इन कारकों से एक पैटर्न बनता है, जिसे पर्यायनामी कोडेन उपयोग पैटर्न कहते हैं जो जीनों में मौजूद विविधता एवं अंतर के कारणों का वर्णन करते हैं। कोडेन उपयोग पैटर्नों का विश्लेषण पर्यायनामी कोडेनों के अभिनत उपयोग की प्रक्रिया को समझने के लिए एक आधार उपलब्ध करता है तथा इन विवो एवं इन विटरो अभिव्यक्ति लक्षित जीनों की अभिव्यक्ति में सुधार लाने हेतु उपयुक्त होस्ट अभिव्यक्ति सिस्टमों का चयन करता है। इसके अतिरिक्त, कोडेन उपयोग प्रोफाइलों को जिनोमिक अनुक्रमणों तथा प्रोटीन कार्यात्मक वर्गीकरण से जीन के पूर्वानुमान की सटीकता को सुधारने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है।

जीन अभिव्यक्ति अध्ययनों के लिए कोडेन उपयोग के पूर्ण विश्लेषण के लिए अनेक सॉफ्टवेयरों से आउटपुट की तथा आँकड़ा के विजुवल प्रस्तुतिकरण के लिए मानक सांख्यिकीय पैकेजों के प्रयोग की आवश्यकता होती है। कोडेन उपयोग विश्लेषण के कुछ उत्कृष्ट पैकेज हैं, परन्तु वे सहजता से सुलभ नहीं हैं। तदनुसार, जीन अभिव्यक्ति की पहचान हेतु कोडेन उपयोग सूचकांक के संगणना एवं बहुचर विश्लेषण के लिए एक वेब आधारित समाधान विकसित किया गया है। यह सॉफ्टवेयर को जेएसपी, जावा, एचटीएमएल और सीएसएस का प्रयोग कर विकसित किया गया है। इस सॉफ्टवेयर में प्रयोक्ता प्रोफाइल प्रबंधन के लिए, न्यूक्ल्योटाइड अनुक्रमणों को पढ़ने अथवा अपलोड करने, कोडेन उपयोग सूचकांक की संगणना तथा ग्राफिक्ल आउटपुट के साथ बहुचर विश्लेषण के लिए मुख्य मॉड्यूल दिए गए हैं। इस सॉफ्टवेयर में लेखकों से सम्पर्क करने, फीडबैक, ऑनलाइन सहायता लेने तथा प्रतिदर्श आँकड़े डाउनलोड करने के लिए लिंक दिए गए हैं। जावा में एक अलग श्रेणी (क्लास) विकसित की गई है जिसमें महत्वपूर्ण कोडेन उपयोग सूचकांकों के संगणना के लिए पद्धतियाँ सम्मिलित हैं। जावा और त सांख्यकीय पैकेज के बीच जेआरआई के माध्यम से एक लिंक विकसित किया गया है। इस सिस्टम पर इंटरनेट से वांछित प्लेटफार्मों से किसी भी समय पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस अध्ययन का उद्देश्य शोधकर्ताओं को जीन अभिव्यक्ति की पहचान करने के लिए पर्यायनामी कोडेन उपयोग विश्लेषण के प्रयोग में सहायता देना है।

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013

## मानव संसाधन विकास

### आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएँ

| क्र.सं. | शीर्षक | स्थान | तारीख | प्रायोजक | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिनोमिक आँकड़ा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय पद्धतियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : सीमा जग्गी<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : सारिका | भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली | 07-19 जनवरी, 2013 | एन.ए.आई.पी. | 19 |
| 2. | सीएएफटी के अंतर्गत कृषि परीक्षणों की अभिकल्पना तथा विश्लेषणों में नवीनतम उन्नतियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : कृष्ण लाल<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : अनिल कुमार<br>एल्दो वरगीस | भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली | 08-28 जनवरी, 2013 | शिक्षा संभाग, भा.कृ.अनु.प. | 22 |
| 3. | कृषि सर्वेक्षणों में सुदूर संवेदन एवं जीआईएस के अनुप्रयोगों पर एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : प्राची मिश्रा साहू<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : तौकीर अहमद | भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली | 24 जनवरी से 13 फरवरी 2013 तक | एएआरडीओ | 06 |
| 4. | भारत में कृषि सांख्यिकी प्रणाली एवं खाद्य सुरक्षा नीति विश्लेषण पर अध्ययन दौरा<br>पाठ्यक्रम निदेशक : यूसी सूद<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : तौकीर अहमद | भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली | 04-08 फरवरी 2013 | एफएओ | 06 |
| 5. | सीएएफटी के अंतर्गत एग्रिदक्ष के माध्यम से विशेषज्ञ तंत्र के विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : सुदीप<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : अल्का अरोड़ा<br>पाल सिंह | भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली | 11 फरवरी से 06 मार्च 2013 तक | शिक्षा संभाग भा.कृ.अनु.प. | 17 |
| 6. | एसएएस का प्रयोग करते हुए आँकड़ा विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : राजेन्द्र प्रसाद<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : सीमा जग्गी<br>वीबी सिंह (आरवीएसकेवीवी, ग्वालियर) | आरएसकेवीवी, ग्वालियर | 18-23 फरवरी 2013 | एन.ए.आई.पी. | 21<br>7. |
| | एसएएस का प्रयोग करते हुए आँकड़ा विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : रामसुब्रमनियन वी.<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : समीर फारुकी<br>राजेश शर्मा एवं विपिन लाधा (एसकेआरएयू, बीकानेर) | एसकेआरएयू, बीकानेर | 04-09 मार्च 2013 | एन.ए.आई.पी. | 23 |
| 8. | मेल-मर्ज (हिन्दी कार्यशाला)<br>संयोजन : नरेश चंद<br>पन्ना लाल गुप्ता | भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली | 07 मार्च 2013 | भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली | 19 |
| 9. | भाकृअनुप के तकनीकी कार्मिकों के लिए प्राथमिक आँकड़ा विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : सिनि वरगीस<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : सुशील कुमार सरकार | भा.कृ.सां.अ.स., नई दिल्ली | 11-15 मार्च 2013 | भा.कृ.अनु.प. | 20 |
| 10. | एसएससी नार्स के अंतर्गत सुग्राहीकरण कार्यशाला<br>संयोजक : अमृत कुमार पॉल | एसबीपीयू एंड एटी., मोदीपुरम, मेरठ | 13-14 मार्च 2013 | एन.ए.आई.पी. | 64 |
| 11. | भा.कृ.अनु.प. के तकनीकी कार्मिकों के लिए वेबसाइट विकास तथा होस्टिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>पाठ्यक्रम निदेशक : पाल सिंह<br>पाठ्यक्रम सह-निदेशक : सुदीप | भा.कृ.सां.अ.सं. नई दिल्ली | 18-22 मार्च 2013 | भा.कृ.अनु.प. | 20 |

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013

**पुरस्कार एवं मान्यताएं**

**डॉ. यूसी सूद**

- दिनांक 24-26 फरवरी, 2013 के दौरान बनस्थली, राजस्थान में सांख्यिकी, संगणक एवं अनुप्रयोग, संस्था के 15वें वार्षिक सम्मेलन में आमंत्रित वक्ता।
- मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों के पंजीकरण का डाटा जनरेट करने हेतु सांख्यिकीय पद्धति का सुझाव देने के लिए गठित कोर ग्रुप समिति के विशेषज्ञ सदस्य।
- दिनांक 02-05 जनवरी, 2013 के दौरान अंतरराष्ट्रीय भारतीय सांख्यिकीय एसोसिएशन, चैन्नई, भारत द्वारा सांख्यिकी, विज्ञान एवं सोसाइटी पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : नई चुनौतियाँ एवं अवसर (आईआईएसए 2013) के दौरान प्रतिदर्श सर्वेक्षणों में नवीनतम उन्नतियों पर एक सत्र का आयोजन किया।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

- दिनांक 24-26 फरवरी, 2013 के दौरान बनस्थली विद्यापीठ, बनस्थली में आयोजित सांख्यिकी, संगणक एवं अनुप्रयोग संस्था के कृषि अनुसंधान में सांख्यिकी एवं सूचना पर 15वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आमंत्रित शोध-पत्रों के सत्र की अध्यक्षता की।
- दिनांक 24-26 फरवरी, 2013 के दौरान बनस्थली विद्यापीठ में आयोजित सांख्यिकी, संगणक एवं अनुप्रयोग संस्था के 15वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान सोसाइटी के कल्याण में सांख्यिकी पर संयोजन के रूप में एक संगोष्ठी का आयोजन किया।
- दिनांक 21 फरवरी, 2013 से तीन वर्षों की समयावधि के लिए राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो की प्रबंधन समिति के सदय के रूप में नामित।

**डॉ. अनिल राय**

- पशु रोग अनुवीक्षण एवं निगरानी परियोजना निदेशालय (पीडी-एडीएमएएस), बैंगलूरु की आरएसी के सदस्य के रूप में नामित।

**डॉ. एल एम भर**

- दिनांक 24-26 फरवरी, 2013 के दौरान बनस्थली विद्यापीठ, बनस्थली में आयोजित सांख्यिकी, संगणक एवं अनुप्रयोग संस्था के कृषि अनुसंधान में सांख्यिकी एवं सूचना पर 15वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आमंत्रित सहयोगिक शोध-पत्रों के सत्र की अध्यक्षता की।

**डॉ. हुकुम चन्द्र**

- जे ई ई (मेन), 2013 के सामान्यीकरण के लिए कार्य-रीति को अंतिम रूप देने के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी बी एस ई), भारत सरकार की समिति के विशेषज्ञ सदस्य।
- दिनांक 02-05 जनवरी, 2013 के दौरान अंतरराष्ट्रीय भारतीय सांख्यिकीय एसोसिएशन, चैन्नई, भारत द्वारा आयोजित सांख्यिकी, विज्ञान एवं संस्था : नई चुनौतियाँ एवं अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रतिदर्श एवं जनगणना पर एक सत्र का आयोजन किया तथा प्रतिदर्श सर्वेक्षणों में नवीनतम उन्नतियों पर एक सत्र की अध्यक्षता की।
- दिनांक 24-26 फरवरी, 2013 के दौरान बनस्थली विद्यापीठ, बनस्थली, राजस्थान में आयोजित सांख्यिकी, संगणक एवं अनुप्रयोग संस्था के कृषि अनुसंधान में सांख्यिकी एवं सूचना पर 15वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आमंत्रित सहयोगिक शोध-पत्रों के सत्र की अध्यक्षता की।
- दिनांक 24-26 फरवरी, 2013 के दौरान सांख्यिकी, संगणक एवं अनुप्रयोग संस्था, बनस्थली, राजस्थान के 15वें वार्षिक सम्मेलन में विभिन्न पोस्टर सत्रों में एक निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में पोस्टर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया।
- मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों के पंजीकरण का डाटा जनरेट करने हेतु सांख्यिकीय पद्धति का सुझाव देने के लिए गठित कोर ग्रुप समिति के विशेषज्ञ सदस्य।

**डॉ. अनिल कुमार**

- दिनांक 28-30 जनवरी, 2013 के दौरान एनडीआरआई, करनाल में भारतीय पशु उत्पादन एवं प्रबंधन सोसाइटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन तथा 20वें वार्षिक सम्मेलन में "वोकल ट्रैक्ट रिसोनेंसेस ऐज इन्डेक्सिकल क्यूस इन करन फ्राईज काऊ" नामक शोध पत्र के लिए श्रीमती कादाम्बिनी देवी पुरस्कार-2013 प्राप्त किया।
- भदोरिया, प्रज्ञा, लथवाल, एसएस, जाडौन, वाईएस, प्रसाद, शिव एवं कुमार, अनिल। पेरिपेच्यूरेंट अवधि के दौरान केएफ गायों में लेमनस पर जिंक-बायोटिन अनुपूरण का प्रभाव। दिनांक 28-30 जनवरी, 2013 के दौरान एन.डी.आर.आई., करनाल में भारतीय पशु उत्पादन एवं प्रबन्धन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार तथा 20वें वार्षिक सम्मेलन में उस पोस्टर को उत्कृष्ट पोस्टर (द्वितीय पुरस्कार) पुरस्कार प्रदान किया गया।
- दिनांक 29 जनवरी, 2013 को राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में पशुधन उत्पादन में नई उन्नतियाँ: पारम्परिक कृषि से वाणिज्यिक कृषि तथा उससे आगे के लिए राष्ट्रीय सेमिनार में जलवायु परिवर्तन पर तकनीकी सत्र में रेपोर्टियर के रूप में कार्य किया।

# भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013


**गतिविधियों के परिदृश्य**

- दिनांक 02-17 जनवरी, 2013 से भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली में एमआईएस/एफएमएस परियोजना के विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में कोर ग्रुप सदस्यों के लिए सिस्टम प्रदर्शन पर कार्यशाला।
- दिनांक 04 जनवरी, 2013 को संस्थान के प्रारूप रिजल्ट्स फ्रेमवर्क डाक्यूमेंट (आरएफडी) पर विचार-विमर्श करने हेतु प्रोफेसर प्रेम नारायण, अध्यक्ष, आरएसी की अध्यक्षता में एक प्रतिभा-उन्नयन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में डॉ. बीबीपीएस गोयल, डॉ. एस. के. रहेजा, डॉ. ओपी कथूरिया एवं डॉ. एसडी शर्मा, पूर्व निदेशक; डॉ वीके भाटिया, निदेशक; डॉ. यूसी सूद, नोडल अधिकारी; डॉ केके त्यागी, सह-नोडक अधिकारी; प्रभागाध्यक्ष, प्रभारी, पीएमई प्रकोष्ठ; सीएओ, सहा. वित्त एवं लेखा अधिकारी तथा आरएफडी प्रकोष्ठ के सदस्यों ने सहभागिता की। डॉ. आरके तोमर, आरएफडी समन्वयक, भा.कृ.अनु.प. ने आरएफडी के प्रयोजन का उल्लेख किया तथा आरएफडी 2013-14 को तैयार करने के लिए विस्तृत उपाए बताए। डॉ. केके त्यागी ने संस्थान के प्रारूप आरएफडी 2013-14 को प्रस्तुत किया। प्रारूप सुझावों के अनुसार आरएफडी 2013-14 में संशोधन किए गए।
- दिनांक 30 जनवरी, 2013 को डॉ. प्रेम नारायण, पूर्व निदेशक भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली की अध्यक्षता में भा.कृ.सां.अ.सं. के अनुसंधान सलाहकार समिति की 14वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डॉ. एसडी शर्मा, पूर्व निदेशक, भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली एवं उप-कुलपति, देव संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार; डॉ. वीके भाटिया, निदेशक, भा.कृ.सां.अ.सं.; डॉ. जीएम भूपति, उप-महानिदेशक; राष्ट्रीय लेखा संभाग, केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, नई दिल्ली; डॉ. श्रीधर शिवासुब्बु, जिनोमिक एवं इंटरएक्टिव बायोलॉजी संस्थान, नई दिल्ली; संस्थान के आरएसी के सदस्यों के रूप में डॉ. एनपीएस सिरोही, सह-महानिदेशक (इंजी.), भा.कृ.अनु.प. तथा आरएसी के सदस्य सचिव के रूप में राजेन्द्र प्रसाद, अध्यक्ष, परीक्षण अभिकल्पना प्रभाग, उपस्थित थे। डॉ. वीके गुप्ता, राष्ट्रीय प्राध्यापक, भा.कृ.अनु.प., समस्त प्रभागाध्यक्ष; सभी प्राध्यापक (प्रोफेसर) तथा भा.कृ.सां.अ.सं. के पीएमई प्रकोष्ठ के प्रभारी ने विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में भाग लिया।
- दिनांक 22 फरवरी, 2013 को डॉ. वीके भाटिया, निदेशक, भा.कृ.सां.अ.सं. की अध्यक्षता में संस्थान प्रबंधन समिति की 61वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. एनपीएस सिरोही, सह-महानिदेशक (इंजी.), भा.कृ.अनु.प.; डॉ. (श्रीमती) रविन्द्र कौर, परियोजना निदेशक, जल प्रौद्योगिकी केन्द्र, भाकृअसं; डॉ. निरंजन प्रसाद, प्रधान, प्रसंस्करण एवं उत्पादन विकास विभाग, आईआईएनआरजी, रांची; आईएमसी के सदस्यों के रूप में डॉ. (श्रीमती) रजनी जैन, प्रमुख वैज्ञानिक, एनसीएपी तथा आईएमसी के सदस्य सविच के रूप में कार्यालय प्रधान, श्री केपीएस गौतम उपस्थित थे। डॉ. वीके गुप्ता, राष्ट्रीय प्राध्यापक, भा.कृ.अनु.प.; सभी प्रभागाध्यक्ष; सभी प्राध्यापक (प्रोफेसर) तथा भा.कृ.सां.अ.सं. के पीएमई प्रकोष्ठ के प्रभारी, वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी भी बैठक में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित थे।
- संस्थान अनुसंधान समिति (आईआरसी) की 77वीं बैठक डॉ. यूसी सूद निदेशक (कार्यकारी), भा.कृ.सां.अ.सं., की अध्यक्षता में दिनांक 25-26 मार्च तथा 01-02 अप्रैल, 2013 के दौरान आयोजित की गईं। बैठक में 06 नई परियोजनाओं (04 संस्थान द्वारा वित्त पोषित तथा 02 बाह्य वित्त पोषित परियोजना) को स्वीकृति दी गई और 56 प्रगतिशील व चालू अनुसंधानिक परियोजनाओं (28 संस्थान द्वारा वित्त पोषित, 15 अन्य संस्थानों के सहयोग द्वारा वित्तपोषित तथा 13 बाह्य वित्तपोषित परियोजनाएँ) पर विचार-विमर्श किया गया तथा 07 अनुसंधानिक परियोजना को सम्पन्न घोषित किया गया।

**दिए गए सेमिनार**

कृषि सांख्यिकी, संगणक अनुप्रयोग तथा जैवसूचना के विभिन्न क्षेत्रों पर सेमिनार आयोजित किए गए। इन सेमिनारों में वैज्ञानिकों द्वारा पूर्ण की गईं अनुसंधानिक परियोजनाओं के विशिष्ट निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण, एम.एससी व पीएच.डी. (कृषि सांख्यिकी), एम. एससी. (संगणक अनुप्रयोग) और एम. एससी. (जैव सूचना) विद्यार्थियों के शोधपत्र/ ओआरडब्ल्यू/पाठ्यक्रम सेमिनार तथा अतिथि सेमिनार शामिल हैं।

इस अवधि के दौरान, तीन अतिथि वक्ताओं द्वारा निम्नलिखित सेमिनार प्रदान किए गए : प) प्रोफेसर बालगोबिन नंदराम, गणित तथा सांख्यिकी विभाग, कोनकोर्डिया विश्वविद्यालय, मॉन्टरील, कनाडा, द्वारा लघु क्षेत्र सीमित जनसंख्या अनुपात के बेसियन विश्लेषणों में सह-संबंधों के मूल्यांकन विषय पर, पप) प्रोफेसर योगेन्द्र पी. चौबे, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, कोनकोर्डिया विश्वविद्यालय, मॉन्टरील, कनाडा, द्वारा सिमेटराइजिंग एवं प्रसरण स्थिरीकरण संचरणों पर तथा पपप) प्रोफेसर आरएस चिकारा, प्राकृतिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान स्कूल, होस्टन विश्वविद्याल- क्लीयर लेक, टेक्सास, यूएसए द्वारा मसल माइक्रोसरकुलेशन में रक्त की मात्रा के पुनरावृत्त प्रक्षेणों की मॉडलिंग विषय पर।

**प्रस्तुत किए गए सेमिनारों का विवरण**

| श्रेणी | सेमिनार का प्रकार | संख्या |
|---|---|---|
| वैज्ञानिक | पूर्ण की गई परियोजनाएँ | 06 |
| | नए प्रस्ताव | 03 |
| छात्र | पाठ्यक्रम | 16 |
| | ओआरडब्ल्यू | 02 |
| | शोध प्रबंध | 03 |
| अतिथि | | 03 |
| अन्य | आरएफडी | 01 |
| **कुल** | | **३४** |

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013

## प्रकाशन

### शोध पत्र

- आहुजा, एस एवं धान्या, सी (2012)। भारत में आरसीडीए क्लस्टर एनसेंबल एल्गोरिथ्म का प्रयोग करते हुए वर्षा का क्षेत्रीयकरण। *ज.सॉफ्टवेयर इंजी.एप्ली.*५( ८ ), 568-573.
- आहुजा, एस (2012), कलस्टर एनसेंबल का प्रयोग करते हुए नदी की घाटियों का क्षेत्रीयकरण। *ज.वॉटररिसो.प्रोट.*, ४, 560-566.
- अरोड़ा, सुमित्रा, कनोजिया, अशोक के, कुमार, अशोक सरदाना, एचआर एवं सरकार, सुशील कुमार (2012)। टमाटर (लाइकोपरसिकॉन एसक्यूलेमटुम) पर जैवकीटनाशक संरुपण का प्रभाव : आर्थिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव। *इंड.ज.एग्रिल.साईं.*, ८२( १२ ), 1075-1078.
- भाटी, ज्योतिका, चादुव्ला, पवन के, कुमार, संजीव एवं राज्य, अनिल (2013)। पादप प्रजातियों के सूखा सहिष्णु कैपबाइंडिंग प्रोटीनों के लिए जातिवृत्तीय विश्लेषण तथा अनुषंगी संरचना पूर्वानुमान। *इंड.ज.एग्रिल.साईं.*, ८३( १ ), 21-25.
- चटर्जी, निलाद्री शेखर, गुप्ता, सुमन एवं वरगीस, एल्दो (2013)। मृदा में मेटाफ्लूमाईजोन का अवक्रमण: परिवर्तनशील नमी, लाइट, तापमान, मौसमीय $CO_2$ स्तर, मृदा प्रकार तथा मृदा का अनुर्वरीकरण व जीवाणुनाशन। *केमोस्फीयर* ९०( २ ), 729-736.
- चौधरी, विधि, प्रसन्ना, राधा, नैन, लता, दुबे, एससी, गुप्ता, विशाल, सिंह, राजेन्द्र, जग्गी, सीमा एवं भटनागर, अशोक कुमार (2012)। टमाटर के पौध में आर्द्र पतन रोग का उन्मूलन करने के लिए नवीन साइनोबैक्टीरिया-संशोधित संरूपणों की जैव दक्षता। *वर्ल्डज.माइक्रोबायोलॉजीएवं बायोटेक्नोलॉजी* २८( १२ ), 3301-3310.
- चौधरी, वीके, कुमार, पी सुरेश, सरकार, सुशील कुमार एवं यादव, जेएस (2013)। पूर्वोत्तर हिमालयी क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश में मक्का-वनस्पति आधारित फसलीकरण प्रणालियों के लिए उत्पादन की संभावनाएँ, आर्थिक विश्लेषण तथा ऊर्जा लेखा-परीक्षण। *इंड.जे.एग्रिल.साईं.*, ८३( १ ), 110-115.
- दहिया, शशि, जग्गी, सीमा, चतुर्वेदी, केके, भारद्वाज, अंशु, गोयल, आरसी एवं वरगीस, सिनी (2012)। कृषि शिक्षा के लिए एक ई-लर्निंग प्रणाली। *इंड.रिस.ज.एक्सटेन.एजु.*, १२( ३ ), 132-135.
- दलामू, टीके बेहरा, वरगीस, सिनी एवं खान, स्वाति (2012)। करेले (मोमोरडिका चारेनसिया एल.) में आनुवंशिक विविधता तथा करेक्टर एसोसिएशन विश्लेषण। *पूसाएग्रि.साईंस*, ३५, 20-25.
- जग्गी, सीमा, गिल, एसएस, वरगीस, सिनी, शर्मा, वीके एवं सिंह, एनपी (2012)। कृषि वानिकी प्रणाली के अंतर्गत चना (साईसर एराईनिनुम) उपज की मॉडलिंग। *जे.नॉन-टिम्बरफोरेस्टप्रॉडक्ट*, १९( ४ ), 275-278.
- जीवा, जेसी, रामसुब्रमनियन, वी, कुमार, ए, भाटिया, वीके, गीतालक्ष्मी, वी, प्रेमी, एसके एवं रामसुन्दरम, पी (2013)। भारतीय मात्स्यिकी के सस्योत्तर क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं तथा प्राथमिकीकरण कारकों का पूर्वानुमान। *फिशरीटेक्नोलॉजी*, ५०, 87-91.
- कारक, टी, भट्टाचार्य, पी, दास, टी, पॉल, आरके एवं बेजबरुवा, आर (2013)। कचरे के खुले मैदान में गैर-वियोजित नगरपालिका ठोस अवशिष्ट : एक संभाविक संदूषक के साथ पर्यावरणीय स्वास्थ्य। *इंट.ज.एनवा.साईं.टेक्नोलॉ.*, १०( ३ ), 503-518.
- कौर, चरणजीत, वालिया, सुरेश, नागल, श्वेता, वालिया, श्वेता, सिंह, जसबीर, सिंह, बराज भूषण, साहा, सुप्रदीप, सिंह, बलराज, कालिया, प्रीतम, जग्गी, सीमा एवं सारिका (2013)। उत्तर भारत में उत्पादित चुनिंदा टमाटर (सोलेनुम लाइकोप्रसीकॉन ए) किस्मों की कार्यात्मक गुणवत्ता तथा प्रतिऑक्सीकारक मिश्रण। *एलडब्ल्यूटी-फूडसाईंसएवंटेक्नालॉजी*, ५०, 139-145.
- कुमार, अमरेन्द्र (2013)। सरसों (ब्रैसिका जुनसिया) की फसल में पत्ती धब्बे के रोग के लिए चेतावनी देने वाले मॉडल। *इंड.ज.एग्रि.साईं.*, ८१( १ ), 116-119.
- कुमार, अनिल, कुमार, राजेन्द्र एवं चौधरी, विपिन कुमार (2012)। समेकित खेती प्रणालियों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत विभिन्न फसलीकरण प्रणालियों का आकलन तथा पोषण अनुक्रिया अनुपात। *इंड.ज.एग्रिल.स्टेटिस्टि.साईं.*, ८( २ ), 645-649.
- लक्ष्मी, रत्ना राज एवं कुमार, अमरेन्द्र (2011)। न्यूरल नेटवर्क पद्धतियों का प्रयोग करते हुए फसल की उपज के लिए मौसम आधारित पूर्वानुमान मॉडल। *स्टेटिस्टि.एवंएप्ली.*, ९ ( १ एंड २ न्यू सीरिज ), 55-69.
- पंवार, संजीव, कुमार, अनिल, चौधरी, विपिन कुमार एवं राठौर, अभिषेक (2013)। भारत में आलू की उपज की मॉडलिंग : एआरसीएच/जीएआरसीएच (आर्च/गार्च) मॉडल का प्रयोग करते हुए एक आनुभविक पद्धति। *इंड.ज.एग्रिल.स्टेटिस्ट.साईं.*, ८( २ ), 597-601.

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 17 संख्या 4 जनवरी- मार्च, 2013

- पंवार, संजीव, कुमार, अनिल सिंह, केएन फारुकी, समीर एवं राठौर, अभिषेक (2012)। भारत में प्याज के उत्पादन के विश्लेषण के लिए अरैखीय समाश्रयण तकनीकों का प्रयोग। *इंड.ज.एग्रिल.साईं.*,**८२( १२ )**, 43-46.
- पॉल, आरके, प्रज्ञेषु एवं घोष, एच (2013)। मौसम चरों (वेदर वेरिएबल्स) के आधार पर गेहूँ की उपज के आँकड़ों की मॉडलिंग तथा पूर्वानुमान। *इंड.ज.एग्रिल.साईं.*, **८३( २ )**, 180-183.
- साहू, टीके, रॉव, एआर, वशिष्ठ, एस, सिंह, एन एवं सिंह, यूपी (2012)। इनसिलिको मोटिफ खोज के लिए अभिकलनात्मक पद्धतियाँ, डाटाबेसेस एवं टूल्स। *इन्टरडिसिपिलीनरीसाईंस:कंप्यूटेशनललाईफसाईं.*,**४( ४ )**, 239-255 (डीओआई: 10.1007/एस 12539-012-0141-एक्स).
